राष्ट्रीय समाचार पत्र

जनोदय पंच

बेखौफ, बेधड़क सच

डिजीटल संस्करण
RNI No. MPHIN/25/A2500
www.janodaypunch.com

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, धार, खरगोन से प्रसारित

इंदौर-बड़वानी से प्रकाशित | गुरूवार, 19 मार्च 2026 | कीमत : 1 रुपए

5 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया बीआरसी

बालिका शौचालय निर्माण में कमीशन का मामला, बीआरसी और सब इंजीनियर पर केस दर्ज

रमन बोरखड़े, बड़वानी

लोकायुक्त इंदौर की टीम ने बुधवार सुबह बड़वानी जिले के निवाली में कार्रवाई करते हुए बीआरसी महेंद्र सिंह राठौर को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। इस संबंध में लोकायुक्त डीएसपी सुनील तमांग ने बताया कि शिक्षक जितेंद्र सोनी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में स्कूल में बालिका शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृत राशि को लेकर आरोप लगाए गए थे।

राशि में कटौती और कमीशन की मांग

शिक्षक जितेंद्र सोनी ने बताया कि उनके स्कूल में बालिका शौचालय निर्माण के लिए 20 हजार रुपये स्वीकृत हुए थे। आरोप है कि बीआरसी महेंद्र सिंह राठौर और संबंधित सब इंजीनियर ने उनसे 15 हजार रुपये में कार्य पूर्ण करने को कहा। शेष 5 हजार रुपये में से 2-2 हजार रुपये दोनों के लिए और 1 हजार रुपये बड़वानी में देने की मांग की गई थी।

एटीएम के पास ट्रैप कर पकड़ा

शिकायत की पुष्टि के बाद लोकायुक्त टीम ने योजना बनाकर शिक्षक जितेंद्र सोनी को बुधवार को राजपुर स्थित बीआरसी के घर के पास एक एटीएम पर 5 हजार रुपये देने भेजा। जैसे ही महेंद्र सिंह राठौर ने रिश्वत की राशि ली, टीम ने मौके पर ही उन्हें पकड़ लिया। इस मामले में संबंधित सब इंजीनियर को भी आरोपी बनाया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



सेंधवा शहर की 4 ईदगाहों पर तय समय पर अदा होगी ईद-उल-फितर की नमाज

जनोदय पंच। सेंधवा शहर में आगामी ईद पर्व के आयोजन को लेकर आम मुस्लिम जमात द्वारा प्रशासन को ज्ञापन देकर सूचना दी गई है। पत्र के माध्यम से त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।



सेंधवा। स्थित आम मुस्लिम जमात द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को प्रेषित पत्र में बताया गया है कि आगामी ईद पर्व (चांद नजर आने पर) शहर में पारंपरिक रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विशेष रूप से नमाज अदा करना, आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक गतिविधियां शामिल रहेंगी।

पत्र में प्रशासन से आग्रह किया गया है कि पर्व के दौरान क्षेत्र में आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएं, ताकि ईद का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

साथ ही जानकारी दी गई है कि ईद-उल-फितर की नमाज शहर की चार ईदगाहों पर निर्धारित समयानुसार अदा की जाएगी। इसके अनुसार अहले सुन्नत शाह मिस्किन नूरानी मस्जिद मोतीबाग, सेंधवा और मदिना मस्जिद खलवाड़ी मोहल्ला, सेंधवा में सुबह 8 बजे नमाज अदा होगी। वहीं अहले सुन्नत मदनी ईदगाह घोड़े शाह वली बाबा मोहल्ला में सुबह 8.30 बजे और अहले सुन्नत हनफिया ईदगाह मैकेनिक नगर पिपलधार, सेंधवा में सुबह 9 बजे नमाज का समय निर्धारित किया गया है।

इन सभी स्थानों पर अलग-अलग इमामों द्वारा नमाज अदा कराई जाएगी।

अहले सुन्नत शाह मिस्किन नूरानी मस्जिद मोतीबाग में मौलाना हाजी अतहर बेग कादरी साहब द्वारा, मदिना मस्जिद खलवाड़ी मोहल्ला में हजरत मौलाना खलील साहब द्वारा, अहले सुन्नत मदनी ईदगाह घोड़े शाह वली बाबा मोहल्ला में मौलाना अशफाक रजा साहब द्वारा और अहले सुन्नत हनफिया ईदगाह मैकेनिक नगर पिपलधार में हजरत मौलाना शाने आलम कादरी साहब द्वारा द्वारा नमाज अदा कराई जाएगी। आयोजन को लेकर समुदाय द्वारा प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा जताई गई है, ताकि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

मराठी भाषियों ने मुख्यमंत्री को गुड़ी भेंट की, मुख्यमंत्री ने गौरवशाली इतिहास को किया याद

जनोदय पंच। भोपाल-इंदौर। प्रदेश के मराठी भाषियों ने नववर्ष के एक दिवस पूर्व भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को गुड़ी भेंट की। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में मराठियों के गौरवशाली इतिहास को याद किया। कहा, आज भी सनातन संस्कृति और साहित्य की भव्य परंपरा को जीवित रखने में मराठीभाषी भरपूर योगदान दे रहे हैं। प्रदेश के सभी जिलों के साथ ही इंदौर से भी बड़ी संख्या में मराठी भाषी आयोजन में शामिल हुए।

सांस्कृतिक झांकी और सहभागिता

हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरुआत के एक दिन पूर्व गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश के सभी जिलों के मराठी भाषियों ने एकत्र होकर कार्यक्रम में भाग लिया। मराठी साहित्य अकादमी म प्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मराठी संस्कृति की झांकी दिखाई दी। ढोल पथक के दल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। नौवारी साड़ी पहनकर, नाक में नथ, बालों में गजरा लगाए महिलाओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत आरती उतारकर, पुष्पवर्षा से मराठी संस्कृति अनुरूप किया। आयोजक संस्थाओं की ओर से औपचारिक स्वागत पश्चात मराठी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष संतोष गोडबोले, ने स्वागत भाषण दिया। इसके पश्चात प्रदेश और जिले की मराठी भाषी संस्थाओं ने मुख्यमंत्री को गुड़ी भेंट की। सर्वप्रथम बृहन्महाराष्ट्र मंडल की ओर से मिलिंद महाजन, प्रशांत बडवे, ने गुड़ी भेंट की। इसके पश्चात इंदौर शहर के मराठी भाषियों की ओर से सुनील धर्माधिकारी, समीर पानसे, सुनील देशपांडे, वैभव ठाकुर, संजीव गवते, उदय बापट, शुभा देशपांडे, अर्चना चितले एवं सेंधवा महाराष्ट्र समाज मंडल की ओर से मेधा एकड़ी, ने गुड़ी भेंट की। गुड़ी भेंट के पश्चात प्रदेश में 100 वर्ष पूर्ण कर चुकी संस्थाओं के पदाधिकारियों का सम्मान मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।



मुख्यमंत्री का संबोधन और समापन

इसके बाद डॉ मोहन यादव ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और कहा कि छत्रपति शिवाजी, बाजीराव पेशवा से लेकर देवी अहिल्याबाई तक का इतिहास त्याग, तपस्या और बलिदान से भरा हुआ है। आज यदि देश में सनातन संस्कृति का परचम लहरा रहा है, तो वह इन्हीं बलिदानियों की वजह से है। उन्होंने मोदीजी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे निडर होकर काम कर रहे हैं, इसीलिए विपरीत वैश्विक परिस्थितियों में भी आज भारतवासी चौन से रह पा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन पार्षद प्रशांत बडवे, ने किया एवं जबलपुर की पूर्व महापौर स्वाति गोडबोले, ने वंदे मातरम गान किया।

निमाड़ क्षेत्र का एकमात्र वृहद शिक्षण संस्थान समूह

सरदार पटेल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस, सेंधवा

• D.Pharma 2 Year Course
• B.Pharma 4 Year Course

योग्यता- 12वीं जीव विज्ञान/गणित विषय में उत्तीर्ण 45% अंक के साथ. अजा, अजजा, पि. वर्ग के विद्यार्थियों को शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 95846 39000, 74899 22121

कॉलेज कैंपस - ग्राम सिलदड़ एवं चाटली (सेंधवा)
सिटी ऑफिस - शिव कॉलोनी, निवाली रोड, सेंधवा

90097 22208, 98268 46868
74899 22123, 95846 39000

तकनीकी शिक्षा पाठ्यक्रम

B.E. CS, ME, EC, Civil, EE, Fire Tech & Safety
4 Year Course, योग्यता: 12वी उत्तीर्ण (गणित विषय)

POLYTECHNIC
ME, Civil, EE 3 Year Course, योग्यता: 10वीं उत्तीर्ण

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 90099 89208, 84359 89208, 98269 33134

शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

B.P.Ed. 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता: किसी भी विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर

M.Ed. 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता - बी.एड. / डी.एल.एड. एवं स्नातक

प्रवेश हेतु संपर्क करें...
7697889208, 74899 22125, 74899 22126, 9131779768, 95846 390

विधि शिक्षण पाठ्यक्रम

विद्या ददाति विनयं

L.L.B. 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
B.A.L.L.B. 5 वर्षीय पाठ्यक्रम
B.B.A.L.L.B. 5 वर्षीय पाठ्यक्रम

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 9516489208,9826846868, 95846 39000

व्यावसायिक प्रबंधन शिक्षा पाठ्यक्रम

MBA 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता : स्नातक किसी भी विषय में

उपरोक्त सभी पाठ्यक्रम में प्रवेश मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार

SC/ST/OBC के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 95164 89208, 90099 89208